एक नजर में

संतों के विचार कई पीढ़ी का करते हैं मार्गदर्शन

इंदौर . संकल्पमय चातुर्मास के अंतर्गत रविवार को जयमल महाराज एवं आचार्य सम्राट डॉ. शिवमुनि महाराज साहब का जन्म जयंती महोत्सव श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया. धर्मसभा में साध्वी मंडल के सान्निध्य में दोनों महापुरुषों के जीवन, तप, त्याग, साधना एवं धर्म के प्रति समर्पण का स्मरण करते हुए उनके गुणों का गुणगान किया गया. साध्वी डॉ. कुमुदलताजी महाराज ने महाराज साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके त्याग, तपस्या, संयम और समाज को दिए गए आध्यात्मिक मार्गदर्शन का गुणगान किया. उन्होंने कहा कि संतों का जीवन केवल स्वयं की साधना तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उनके विचार और आदर्श समाज की अनेक पीढ़ियों को दिशा प्रदान करते हैं. जन्म जयंती महोत्सव के लाभार्थी पुतुलदेवी बेताला, हुलास-सुमनदेवी बेताला, विपुल-नम्रताजी बेताला, मोहित-मेघाजी बेताला एवं वैभव-पलकजी बेताला तथा तनमय, गर्वित, हियांश, भवि, युगवीर, जयना एवं समस्त बेताला परिवार रहे. जन्म जयंती महोत्सव के साथ ही दोपहर में कुमुद संस्कार पाठशाला का भी आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को धार्मिक एवं नैतिक संस्कारों से जोड़ने के साथ महापुरुषों के जीवन और उनके आदर्शों से परिचित कराया गया. संचालन जिनेश्वर जैन ने किया.

जन्म शताब्दी कार्यक्रमों का न्योता गणेश परिवार को

इंदौर . विश्व हिन्दू परिषद मालवा प्रांत की ओर से 1 अक्टूबर को हिन्दू दृष्ट ब्रह्मलीन अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में वीआईपी परस्पर नगर स्थित लता मंगेशकर सभागृह में शाम 4 बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम का पहला न्योता रविवार को विहिप की टोली की ओर से विद्याधाम स्थित देश के इकलौते गणेश परिवार मंदिर में समर्पित किया गया .टोली के प्रमुख योगेश होलानी ने बताया कि इस अवसर पर श्रीविद्याधाम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानन्द, अखंड धाम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरुप, पंचकुइया राम मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपाल दास महाराज, हंसदास मठ के महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज, विद्याधाम के आचार्य पं. राजेश शर्मा, भागवताचार्य आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री, विद्याधाम न्यासी मंडल के पं. दिनेश शर्मा, राजेंद्र महाजन, रमेशचन्द्र राठोर, अखंड धाम के संत राजानंद सहित अनेक संत विद्वानों को कार्यक्रम का न्योता भेंट किया गया. राज्य के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को भी निमंत्रण दिया गया तथा टोली के सदस्यों ने जन्म शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की.

बुनकर प्रदर्शित कर रहे पारंपरिक कारीगरी

इंदौर . बास्केटबॉल परिसर में चल रहे सिल्क एंड कॉटन फैब ऑफ इंडिया एक्सपो में देशभर से बुनकर भाग ले रहे हैं. इनमें बिहार, असम, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु, पंजाब, तेलंगाना, जम्मू एवं कश्मीर, छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश सहित कई अन्य राज्य शामिल हैं. वे यहां अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं .आयोजक जयेश कुमार गुप्ता ने बताया कि बुनकरों द्वारा आयोजित यह एक्सपो 27 सितंबर तक बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगा. इसमें कश्मीर के जाहिद खान कानी सिल्क की कुछ ऐसी साड़ियां और कुरते लेकर आए हैं, जो सालभर किसी भी मौसम में पहने जा सकते हैं. हाथ से बुनी इन साड़ियों की नई कारीगरी में चिनार, दरबार, पेजल जैसे कई डिजाइन है, जो परंपरागत रूप से लकड़ी की तीली से बुनकर तैयार हो रहे हैं .प्रदर्शनी में आंध्र प्रदेश के गढ़वाल का ग्लेज कॉटन भी आया है. साड़ियों की पारंपरिक कला से निकलकर यहां के बुनकरों ने अब सूट मटेरियल पर भी हाथ आजमाना शुरू किया है. फिगरेटिव डिजाइन के साथ ही प्रकृति से जुड़े डिजाइन हैंड वर्क और हैंड ब्लॉक से ड्रेस मटेरियल पर कारीगरों ने उतारे हैं. इसमें सुई धागे से लेकर गोटा पट्टी और एंब्रॉयडरी तक का काम शामिल है.

मुद्रा महोत्सव में पहुंचे अनेक संग्राहक

इंदौर . उज्जैन में आयोजित द्वितीय मुद्रा महोत्सव का आयोजन भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय मार्गदर्शक सत्यनारायण जटिया के मुख्य आतिथ्य एवं उज्जैन नगर निगम की सभापति कलावती यादव, राष्ट्रीय मुद्रा परिषद के अध्यक्ष गिरीश शर्मा आदित्य, प्रख्यात मुद्रा प्रसारक राज ज्ञानी, इंटेक के राष्ट्रीय चेयरपर्सन अशोक सिंह ठाकुर सहित अनेक हस्तियों की मौजूदगी में हुआ. इस अवसर पर महोत्सव के आयोजक आशीष जैन, शिवम वर्मा एवं महिदपुर के अश्विनी शोध संस्थान के प्रख्यात मुद्रा विद्वान रामचद्र ठाकुर ने महोत्सव के बारे में अनेक दिलचस्प जानकारियां साझा की. इंदौर से पहुंचे मुद्रा संग्राहक विराज भार्गव, रणविजय सिंह, गिरीश वीरा, हरदेव सिंह धारीवाल एवं बंटी जैन ने भी महोत्सव में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई. महोत्सव में विख्यात पुरातत्व संरक्षक अशोक सिंह ठाकुर को जीवन गौरव सम्मान तथा ओसवाल ऑक्शन समूह के गिरीश वीरा को भी अतिथियों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. नगर निगम सभापति एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की बहन कलावती यादव को इंदुबाला शर्मा ने मुद्रा पर आधारित पुस्तक भेंट कर उनका सम्मान किया।.महोत्सव में बड़ी संख्या में देशभर से आए मुद्रा संग्राहक, विक्रेता एवं मुद्रा प्रेमी भी उपस्थित रहे.

एमएसएमई को दे रहे आधुनिक तकनीकों की जानकारी

इंदौर . प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को राष्ट्रीय स्तर के बाजारों, नवीन तकनीकों एवं उद्योग के बदलते रुझानों से जोड़ने के उद्देश्य से रैम्प (रेजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस) योजना के अंतर्गत बेंगलुरु में आयोजित होने वाले गारमेंट टेक्नोलॉजी एक्सपो में प्रदेश के 29 एमएसएमई प्रतिनिधि भाग ले रहे है. यह एक्सपोजर विजिट 21 सितंबर तक आयोजित की जा रही है. गारमेंट टेक्नोलॉजी एक्सपो का आयोजन गायत्री विहार, पैलेस ग्राउंड्स, बेंगलुरु में किया जा रहा है. यह एक्सपोजर विजिट रैम्प योजना की राज्य नोडल एजेंसी मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड द्वारा इंडो जर्मन टूल रूम इंदौर के सहयोग से आयोजित की जा रही है. इस पहल का उद्देश्य प्रदेश के एमएसएमई को गारमेंट एवं अपैरल मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में उपयोग की जा रही आधुनिक तकनीकों, मशीनरी, उत्पादन प्रक्रियाओं तथा नए व्यावसायिक अवसरों से परिचित कराना है.

10 राज्यों में 26 साइबर फ्रॉड शिकायतों से जुड़ा म्यूल बैंक खाता, खाताधारक धराया

परिजनों के खातों में रकम भेजकर एटीएम से निकाली नकदी

नव भारत न्यूज

इंदौर. साइबर ठगी की रकम के लेन-देन के लिए इस्तेमाल किए जा रहे एक बैंक खाते की पड़ताल में देश के 10 राज्यों की 26 साइबर अपराध शिकायतों का कनेक्शन सामने आया है. क्राइम ब्रांच ने खाते के धारक को गिरफ्तार किया है. पूछताछ में उसने खाते में आई रकम का कुछ हिस्सा परिजनों के खातों में भेजने और बाकी राशि एटीएम से निकालकर अन्य लोगों को देने की बात स्वीकार की है. कार्रवाई ऑपरेशन मैट्रिक्स-2 के तहत की गई.

क्राइम ब्रांच को राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय के माध्यम से आई4सी, एनसीआरपी और साइबर

क्राइम पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी से तेजाजीनगर क्षेत्र की कस्तूरबा शाखा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एक संदिग्ध खाते की जानकारी मिली थी. इसके बाद टीम ने बैंक से खाते की विस्तृत जानकारी जुटाई. रिकॉर्ड में खाता तनिश कुशवाह पिता गोविंद कुशवाह के नाम पर संचालित होना सामने आया. जांच के दौरान खाते में हुए लेन-देन का परीक्षण किया गया. पूछताछ में तनिश ने बताया कि खाते में प्राप्त राशि का एक हिस्सा परिजनों के बैंक खातों में स्थानांतरित करता था, जबकि शेष रकम एटीएम से निकालकर दूसरे लोगों को उपलब्ध कराता था. पुलिस की प्रारंभिक जांच में खाते का इस्तेमाल साइबर अपराध में किया जाना सामने आया.

इस खाते और शिकायतों से जुड़े वित्तीय ट्रेल की जांच की जा रही

एनसीआरपी और साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज रिकॉर्ड खंगालने पर इस खाते के विरुद्ध कुल 26 शिकायतें मिलीं. इनमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, असम, बिहार, गुजरात और हिमाचल प्रदेश सहित 10 राज्यों से संबंधित शिकायतें शामिल हैं. पुलिस के अनुसार अलग-अलग राज्यों में दर्ज मामलों में ठगी की रकम के लेन-देन से इस खाते का संबंध सामने आया है. प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया. अब पुलिस खाते में हुए प्रत्येक प्रमुख लेन-देन, एटीएम से निकाली गई रकम और शिकायतों से जुड़े वित्तीय ट्रेल की पड़ताल कर रही है.

> **आरोपी से पूरे नेटवर्क को लेकर की जा रही पूछताछ**
>
> पूछताछ में सामने आए लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में है. क्राइम ब्रांच यह भी पता लगा रही है कि आरोपी को खाते में रकम पहुंचाने और उसे आगे उपलब्ध कराने के लिए किस नेटवर्क से जोड़ा गया था. साइबर ठगी में इस्तेमाल होने वाले अन्य म्यूल खातों तथा अंतरराज्यीय नेटवर्क से जुड़े लोगों की जानकारी भी जुटाई जा रही है. एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि साइबर अपराधों में इस्तेमाल होने वाले म्यूल बैंक खातों की लगातार निगरानी कर कार्रवाई की जा रही है. इस मामले में अलग-अलग राज्यों की शिकायतों से खाते का संबंध सामने आया है. खाते के वित्तीय लेन-देन के आधार पर अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है और नेटवर्क से जुड़े आरोपियों तक पहुंचने के प्रयास जारी हैं.

पुराने विवाद के चलते नाबालिग से मारपीट

इंदौर. लसूड़िया क्षेत्र में जिम से घर लौट रहे 17 वर्षीय किशोर का पुरानी बात को लेकर युवक से विवाद हो गया. गाली देने से रोकने पर युवक के साथियों ने किशोर और उसके दोस्त से मारपीट कर दी.

शिखरजी ड्रीम्स कॉलोनी निवासी वैदांत सिंह पंवार ने पुलिस को बताया कि वह दोस्तों के साथ जिम से घर जा रहा था. डीबी प्राइड के पास स्मोकर जंक्शन पर राजवीर सलूजा ने पुरानी बात को लेकर उससे विवाद शुरू कर दिया और गाली-गलौज करने लगा. उसके दोस्त गौरांश ने राजवीर को गाली देने से रोका तो आर्यन सिंह, तनिष्क और अन्य साथी वहां पहुंच गए. आरोपियों ने वैदांत और गौरांश के साथ लात-घूंसों तथा बेल्ट से मारपीट की. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है.

गणेश स्थापना पर तेज आवाज में डीजे बजाने पर 6 वाहन जब्त

इंदौर. गणेश स्थापना के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाना आयोजकों और संचालकों को भारी पड़ गया. पुलिस ने मुसाखेड़ी क्षेत्र में डीजे वाहनों की जांच के दौरान बिना अनुमति और निर्धारित ध्वनि सीमा से अधिक आवाज में डीजे बजते पाए जाने पर छह वाहन जब्त किए हैं. मामले में संबंधित आयोजकों और डीजे संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है.

गणेश स्थापना को लेकर क्षेत्र में डीजे वाहनों की अनुमति और ध्वनि सीमा की जांच की जा रही थी. मुसाखेड़ी में जांच के दौरान कुछ डीजे संचालक निर्धारित नियमों का पालन करते नहीं मिले. इसके बाद पुलिस ने मौके से छह डीजे वाहन जब्त किए.

थाना प्रभारी निरीक्षक लोकेश सिंह भदौरिया ने बताया कि गणेश स्थापना के दौरान अनुमति और निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन कराने के लिए जांच की जा रही है, मुसाखेड़ी में नियमों का उल्लंघन मिलने पर छह डीजे वाहन जब्त किए हैं. त्योहार के दौरान नियम तोड़ने वालों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी.

13.82 ग्राम एमडी ड्रग्स के मामले में सप्लायर तक पहुंची क्राइम ब्रांच

पहले गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पकड़ाया

नव भारत न्यूज

इंदौर. एमडी ड्रग्स के साथ पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के बाद क्राइम ब्रांच ने उस व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया, जिससे उसने नशीला पदार्थ खरीदा था. 16 सितंबर को 13.82 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ पकड़े गए जुबेर शेख से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से पुलिस मोहसिन तक पहुंची. अब उससे ड्रग्स की सप्लाई के मुख्य स्त्रोत और नेटवर्क में जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है.

मामला शांतिपथ रोड स्थित श्री अर्धनारीश्वर महादेव मंदिर के सामने हुई कार्रवाई से जुड़ा है. 16 सितंबर को क्राइम ब्रांच ने बिना नंबर की टीवीएस

स्पोर्ट बाइक पर जा रहे जूनी इंदौर निवासी जुबेर शेख को रोका था. तलाशी में उसके पास से 13.82 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली थी. पुलिस ने ड्रग्स और बाइक समेत करीब 2.38 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया था. जुबेर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के बाद उसे रिमांड पर लेकर ड्रग्स की सप्लाई के बारे में पूछताछ की गई.

पुलिस के मुताबिक पूछताछ में उसने एमडी ड्रग्स मोहसिन से खरीदना बताया. इसके बाद क्राइम ब्रांच ने तकनीकी जानकारी और स्थानीय स्तर पर की गई पतारसी के आधार पर मोहसिन की तलाश शुरू की. जांच के दौरान मोहसिन को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया. वह रावजी बाजार क्षेत्र का रहने वाला है और 10वीं तक पढ़ा है. इलेक्ट्रो प्लेटिंग तथा चैन-नट बोल्ट पॉलिश का काम करता है. जुबेर से जुड़े मूल प्रकरण में पुलिस ने अब मोहसिन को सह-आरोपी बनाया है. उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धारा बढ़ाई गई है.

> **कहां से लेकर किसे पहुंचाता था ड्रग्स की जा रही पूछताछ**
>
> पुलिस अब यह पता लगा रही है कि मोहसिन को एमडी ड्रग्स कहां से मिलती थी और उसके जरिए यह नशीला पदार्थ किन लोगों तक पहुंचता था. एडीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने बताया कि नशे के मामलों में गिरफ्तार आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर सप्लाई चेन की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं. इस मामले में भी तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ से आगे का लिंक मिला है. ड्रग्स के मूल स्त्रोत तक पहुंचने के साथ नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है.

क्षेत्रीय युवा संसद में केंद्रीय विद्यालय-1 इंदौर अव्वल

आठ विद्यालयों को पछाड़कर हासिल किया प्रथम स्थान, अब नालंदा में आंचलिक प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

नवभारत न्यूज़

इंदौर. पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 इंदौर ने 37वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2026 के तहत आयोजित क्षेत्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है. 7 एवं 8 नवंबर को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 भोपाल में आयोजित प्रतियोगिता में भोपाल संभाग के आठ केंद्रीय विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया.

कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में प्रभावी तरीके से अपनी बात रखी. इंदौर विद्यालय के विद्यार्थियों ने करीब दो माह तक शिक्षकों के मार्गदर्शन में तैयारी की थी. विद्यार्थियों के बेहतर

प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय की टीम को क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम स्थान मिला. अब टीम 1 एवं 2 दिसंबर को नालंदा में होने वाली आंचलिक स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगी.

विद्यालय लौटने पर प्राचार्य सुधीर वाजपेई और उप प्राचार्य सीमा सिरोलिया ने विद्यार्थियों एवं अनुरक्षक शिक्षकों का स्वागत किया और उनकी सफलता पर बधाई दी. उन्होंने प्रतियोगिता की तैयारी में सहयोग करने वाले शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की. युवा संसद प्रतियोगिता के प्रभारी एवं स्नातकोत्तर भूगोल शिक्षक सुभाष पंचोनिया ने सफलता का श्रेय प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व तथा विद्यार्थियों की मेहनत को दिया. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के निरंतर अभ्यास और शिक्षकों के मार्गदर्शन से विद्यालय को यह उपलब्धि हासिल हुई है.

> **व्यक्तिगत प्रदर्शन में भी चमके विद्यार्थी**
>
> प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत स्तर पर भी पुरस्कार हासिल किए. अमय ने प्रथम, आशना अली ने द्वितीय और अंशिका अवस्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. वहीं रणवीर सिंह, एंजल, रुशालिका, गौरी विश्वकर्मा और यशवीर सिंह को सांत्वना पुरस्कार मिला.

हरिधाम पर नि :शुल्क योग शिविर का शुभारंभ

इंदौर. बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेलीदेवी योग केंद्र के तत्वावधान में कैट रोड हवा बंगला स्थित हरिधाम आश्रम पर तीन दिवसीय मेगा योग शिविर का शुभारंभ महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में हुआ। शिविर में 200 से अधिक महिला-पुरुषों ने योग गुरु मनोज गर्ग के निर्देशन में योग एवं ध्यान साधना की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया.

प्रारम्भ में शिविर संयोजक किशोर गोयल, राजेश बंसल, प्रवीण मिश्रा, शरद कदम एवं राजू यादव ने अतिथियों की अगवानी की और शहर में चल रहे 19 निशुल्क योग शिविरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की. इस अवसर पर समाजसेवी, सुधीर अग्रवाल, ओम अग्रवाल मनोज अन्नपूर्णा, धर्मेन्द्र अग्रवाल एवं विष्णु गोयल सहित बड़ी संख्या में अन्नपूर्णा क्षेत्र के गणमान्य समाज बंधु उपस्थित थे. संयोजक किशोर गोयल ने बताया कि समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल की प्रेरणा से हरिधाम पर जल्द ही 20वां योग केंद्र प्रारम्भ हो जाएगा जहाँ प्रतिदिन सुबह 300 से अधिक साधक नियमित रूप से आएंगे.

श्वेतार्क गणेश महोत्सव में मना रिद्धि-सिद्धि विवाह उत्सव

इंदौर. लालाराम नगर में आयोजित 10 दिवसीय श्वेतार्क श्री गणेश महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है. महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन श्री गणेश महापुराण कथा का वाचन पंडित महेंद्र शर्मा द्वारा किया जा रहा है.

गणेश महापुराण के उपासनाखंड के छठे अध्याय में भगवान श्री गणेश के विवाह तथा रिद्धि-सिद्धि के प्रसंग का उल्लेख मिलता है. इसी धार्मिक प्रसंग को जीवंत करते हुए सोलंकी परिवार द्वारा श्री गणेश रिद्धि-सिद्धि विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया. विवाह समारोह में हल्दी, मेहंदी, वरमाला सहित विवाह की विभिन्न रस्मों का आयोजन हुआ. इसके साथ ही फूल बंगला, छप्पन भोग, प्रसादी एवं भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। भाजपा नगर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि श्री

गणेश विवाह महोत्सव में लालाराम नगर सहित आसपास के रहवासियों एवं शहर के प्रबुद्धजनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्री गणेश के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किए. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व मंत्री महेंद्र हार्डिया, मध्य प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रेष्ठा जोशी, आशा विजयवर्गीय टीनू जैन, दिनेश दवे, आदित्य दीक्षित, पार्षद विजयलक्ष्मी गौहर सहित अन्य विशिष्टजन उपस्थित रहे और भगवान श्री गणेश के दर्शन एवं पूजन का लाभ लिया. श्रद्धालुओं ने भक्ति एवं उत्साह के साथ विवाह प्रसंग में सहभागिता की.

सत्य को केवल बोलना नहीं, जानना-समझना भी जरुरी : सुधा सागर

इंदौर. सत्य केवल बोलने का विषय नहीं है, सत्य को जानना, समझना और उसके अनुरूप अपनी दृष्टि और चिन्तन विकसित करना भी जरुरी है. संसार में प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने भगवान को सच्चा मानता है लेकिन केवल मान लेना ही पर्याप्त नहीं है. मानने के पहले यह जानना भी जरुरी है कि हम जिसे भगवान मान रहे हैं, उसका वास्तविक स्वरूप क्या है. सत्य बोलना और सत्य को जानना, दोनों अलग-अलग बिंदु हैं.

ये विचार हैं राष्ट्रसंत मुनि पुंगव सुधासागर महाराज के, जो उन्होंने सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में वीआईपी रोड स्थित किला मैदान, दलाल बाग परिसर में निर्मित विद्या-सुधा मंडप में चल रहे चातुर्मास महोत्सव में पर्युषण महापर्व की धर्मसभा में ने रविवार को पांचवे दिन उत्तम सत्य धर्म की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. धर्मसभा में

प्रमुख रूप से चक्रवर्ती अध्यक्ष नवीन गोधा, सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद गोधा, मनीष गोधा एवं शिविर के पुण्यार्जक आकाश जैन कोयला परिवार आदि ने देशभर से आए 10 हजार से अधिक शिविरार्थियों की आत्मीय अगवानी की। सभा का शुभारंभ मंगलाचरण एवं पाद प्रक्षालन के साथ हुआ. इस अवसर पर महोत्सव अध्यक्ष अशोक डोसी, प्रिंसपाल टोंग्या, संजय पाटोदी, हुकमचंद जैन काका, प्रदीप ब्रह्मचारी, विनोद भैया, विजय दुर्गा, सौरभ बडजात्या, राहुल सेठी, भूपेंद्र भोपाली, सोनाली बागडिया एवं अर्चना गोधा सहित अनेक सहयोगी बंधुओं ने विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया. दलाल बाग पर प्रतिदिन सुबह 9 से 10.30 बजे तक राष्ट्रसंत के प्रवचनों की अमृत वर्षा का क्रम जारी है. यहाँ चल रहे श्रावक संस्कार शिविर और दस लक्षण महापर्ण में देश-विदेश से आए हजारों समाज बंधु पूरे उत्साह के साथ अपनी तप साधना में जुटे हुए हैं.

एक नजर में | अग्रसेन महासभा के अभा युवक-युवती परिचय सम्मेलन में करीब 80 रिश्ते तय होने की स्थिति में

प्रत्याशियों ने मंच पर पहुंचकर रखी अपनी बात

इन्दौर. श्रीअग्रसेन महासभा की मेजबानी में राजीव गाँधी चौराहा स्थित शुभकारज गार्डन पर चल रहे दो दिवसीय अभा युवक-युवती परिचय सम्मेलन में करीब 80 रिश्ते तय होने की स्थिति में पहुँच गए हैं. रविवार होने से आज सम्मेलन स्थल पर करीब तीन हजार समाज बंधुओं की मौजूदगी के कारण मैदान और पांडाल छोटा पड़ गया. दो दिवसीय इस परिचय सम्मेलन में देश के 12 राज्यों से 2500 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी.

सुबह मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रमोद अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन का चित्र पूजन कर समापन दिवस की

कार्रवाई का शुभारंभ किया तो दोपहर के सत्र में राज्य के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी सम्मेलन में पहुंचकर महासभा के पदाधिकारियों एवं प्रत्याशियों-पालकों का उत्साहवर्धन किया. वहीं शाम को उज्जैन सिंहस्थ मेला समिति के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल एवं उज्जैन नगर भाजपा के अध्यक्ष संजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में समापन किया गया. शनिवार को 350 प्रत्याशियों ने मंच से अपने परिचय दिए तो रविवार को 500 से अधिक प्रत्याशियों ने मंच पर पहुंचकर अपनी बात रखी. महासभा के अध्यक्ष राजेश जिंदल, सचिव अनूप सिंघल, प्रमुख संयोजक मोहनलाल बंसल, अरुण आष्टावाले, सतीश मंगल, गोपाल गुप्ता, प्रमोद बिंदल, संजय पाटनी, नितिन अग्रवाल, तिलोकचंद अग्रवाल, अजय अग्रवाल आदि ने सभी मेहमानों का स्वागत किया. प्रमुख संयोजक मोहनलाल बंसल ने बताया कि परिचय पुस्तिका का वितरण सम्मेलन शुरू होते ही कर दिए जाने से प्रत्याशियों एवं पालकों ने अपनी पसंद के प्रत्याशियों से सम्पर्क शुरू कर दिया जिससे बहुत कम समय में योग्य प्रत्याशियों के चयन का दौर चलता रहा. शाम तक करीब 80 रिश्तों पर दोनों पक्षों में चर्चा शुरू होने की सूचना मिली.

सांस्कृतिक संध्या का पहला न्योता खजराना गणेश को

इंदौर . अग्रवाल सांस्कृतिक मंच नंदानगर द्वारा पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 5 अक्टूबर को रवीन्द्र नाट्य गृह में रंगारंग सांस्कृतिक संध्या एवं भक्तिमय तम्बोला का आयोजन किया जाएगा, जिसका पहला न्योता खजराना गणेश एवं कुलदेवी महालक्ष्मी को समर्पित किया गया. मंच के अध्यक्ष सोनू अग्रवाल, संस्थापक अजय मित्तल एवं महामंत्री संजय अग्रवाल ने बताया कि भक्तिमय तम्बोला का यह आयोजन शहर में अपने किस्म का सबसे अधिक ईनामी राशि वाला आयोजन होग. खजराना गणेश मंदिर पर संस्था के संरक्षक गणेश गोयल, आश्विन गोयल, अरुण गोयाल, शरद अग्रवाल, अक्षय मित्तल, वीरेन्द्र अग्रवाल, राजेश मंगल, विपिन बिंदल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के समाज बंधु मौजूद थे. महाआरती में मनीष अग्रवाल, अभय मित्तल, रितेश गोयल, मनोहर अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, विजय अग्रवाल, शोभित कंसल, विनय गुप्ता एवं मंच के कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर शांति व सदभाव के लिए प्रार्थना की.